पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

———————

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने राजभवन स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के शारीरिक स्वास्थ्य की जांच के लिए आयोजित स्वास्थ्य शिविर का शुभारम्भ किया।

———————

बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच आवश्यक

———————

सफल होने के लिए सच्चाई, ईमानदारी और नेक सोच जरूरी

———————

सही स्वास्थ्य सेवाएं और आवश्यक मार्गदर्शन बच्चों के लिए जरूरी

—राज्यपाल, श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊः 13 अगस्त, 2024

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज राजभवन में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के शारीरिक स्वास्थ्य की जांच करने के लिए आयोजित स्वास्थ्य शिविर का शुभारम्भ किया।

राज्यपाल जी की प्रेरणा से राजभवन चिकित्सालय में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में बच्चों की आंखों, खून, पेशाब और टीबी की विस्तृत जांच की गई। शिविर के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों ने बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया और उन्हें उचित परामर्श दिया। राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने शिविर के दौरान सभी बच्चों की जांच को ठीक ढंग से सम्पन्न करने के निर्देश दिए।

राज्यपाल जी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें अपनी स्वास्थ्य जांच अच्छे से करानी चाहिए और जीवन में सफल होने के लिए सच्चाई, ईमानदारी और नेक सोच को अपनाना चाहिए। उन्होंने बच्चों को स्वच्छता का महत्व बताते हुए कहा कि स्वच्छता न केवल हमारे शरीर को स्वस्थ रखती है बल्कि हमारे समाज को भी स्वस्थ बनाती है।

राज्यपाल जी ने यह भी कहा कि बच्चों के साथ–साथ अध्यापिकाओं को भी अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए परीक्षण कराना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने इस तरह के शिविरों के आयोजन पर जोर देते हुए कहा कि इससे बच्चों को समय पर सही स्वास्थ्य सेवाएं और आवश्यक मार्गदर्शन मिल सकेगा।

उक्त परीक्षण शिविर में उच्च प्राथमिक विद्यालय राजभवन में अध्ययनरत कुल 137 बच्चों के सापेक्ष 93 बच्चों (51 छात्र एवं 42 छात्राओं)का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शेष बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण उन्हें चिकित्सालय बुलाकर पुनः किया जायेगा ताकि कोई भी बच्चा स्वास्थ्य जांच से वंचित न रहे। नेत्र परीक्षण के अन्तर्गत जिन 15 बच्चों में दृष्टि दोष पाया गया उनको चश्मा वितरित किया गया ताकि उनकी दृष्टि संबंधी समस्याओं का समाधान हो सके और वे अपनी पढ़ाई में बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री राज्यपाल डॉ. सुधीर महादेव बोबडे, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा डॉ. पंकज एल. जानी तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

––––––

कृष्ण कुमार-सूचना अधिकारी
डॉ0 संगीता चौधरी/राजभवन
सम्पर्क सूत्र-9454468250